Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 11-08-2006
Participants : Singh Kunwar Rewati Raman

an>

Title : Regarding order given by the Judiciary on the issue of demolition in residential areas in Delhi.

श्री रेवती रमन सिंह : अध्यक्ष महोदय, कल सुप्रीम कोर्ट का जो जजमैंट आया है, मैं कोई एसपर्शन कॉस्ट नहीं कर रहा हूं लेकिन इतना जरूर है कि लोक सभा और राज्य सभा से जो बिल पास हुआ था, उस बिल के पास होने के बाद …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Singh, I am allowing a Call Attention on this subject on Monday. You please take part in that on Monday.

SHRI REWATI RAMAN SINGH : I will not be there on Monday, Sir.

अध्यक्ष महोदय, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: But, I am going to allow this Call Attention.

श्री रेवती रमन सिंह : अध्यक्ष महोदय, मेरा यह कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के जजमैंट के बाद स्थिति बहुत ही गंभीर बन गयी है। मान्यवर, जो विधेयक इस सदन से पास होकर कानून बन गया था, उसे विधि बनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कल एक जजमेंट में उसे रद्द कर दिया, उसको इनवैलिड कर दिया। मेरा कहना यह है कि 16 सितम्बर से दिल्ली में फिर से बुलडोजर चलने लगेंगे। मुझे तब ताज्जुब हुआ जब माननीय श्री जयपाल रेड्डी जी, जो हमारे मित्र हैं, बड़े काबिल आदमी हैं और आवास मंत्री भी हैं, ने एक बयान दिया जिसे मैं अखबारों के माध्यम से पढ़ा कि - Government's stand has been vindicated. मान्यवर, अगर 41 हजार मकान गिराए जाएंगे, बुलडोजर चलेगा तो इनका स्टैण्ड विण्डीकेट होगा। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Then, your name will not find a place in the Calling Attention on this subject!

श्री रेवती रमन सिंह : मान्यवर, मैं इस सदन के माध्यम से और आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूँ कि सरकार को इसके बारे में तत्काल निर्णय करना चाहिए अन्यथा इससे लगभग 45 हजार से अधिक लोग प्रभावित होंगे और अगर उनके परिवारों को जोड़ लिया जाए तो लाखों लोग इससे प्रभावित होंगे। मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इस सदन के माध्यम से दिल्लीवासियों को बताने का कट करें कि क्या 16 सितम्बर से पुनः बुलडोजर चलेगा या सरकार इसका कोई समाधान करेगी।

MR. SPEAKER: Shri P.C. Thomas.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Jaipal Reddy, do you want to respond? I am allowing a Calling Attention on this subject next Monday.

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI S. JAIPAL REDDY): Let Prof. Malhotra speak, I would also say a few words. … (*Interruptions*)

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA (SOUTH DELHI): We gave a notice on 3rd. इन्होंने कहा था कि जब ये आ जाएं तब कॉलिंग अटेंशन लिया जाए। It cannot be taken up in `Zero Hour'. It is a very important issue. There should be a Calling Attention. … (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Jaipal Reedy, will Monday suits you?

… (*Interruptions*)

SHRI S. JAIPAL REDDY: Yes. … (*Interruptions*)

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री प्रियरंजन दासमुंशी) : महोदय, सभी के प्रोग्राम सोमवार को दे दीजिए।

MR. SPEAKER: All right, so that Members are present for the inauguration of Museum.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I know that a large number of people are concerned.

… (*Interruptions*)

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : महोदय, मुझे भी अपनी बात कहने के लिए समय दिया जाए।

अध्यक्ष महोदय : नोटिस आएगा, तो समय मिलेगा।